अंतः विद्यालय कविता पाठ प्रतियोगिता

दिनांक 26 जुलाई 2024 को 'एयर फोर्स गोल्डन जुबली इंस्टीट्यूट, सुब्रतो पार्क ' द्वारा CONFLUENCE-2024 का आयोजन किया गया । जिसमें विभिन्न अंतः विद्यालय प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। इसके अंतर्गत अंतःविद्यालय कविता पाठ(कक्षा (IX-XII) का भी आयोजन किया गया।

उक्त प्रतियोगिता में विद्यालय की ओर से कक्षा-दसवीं ड की छात्रा वितास्ता पाठक ने भाग लिया और प्रतियोगिता में निर्धारित विषयों में से "भारत की गौरवपूर्ण संस्कृति और सभ्यता" का चयन किया। प्रतिभागी छात्रा ने वीर रस से ओतप्रोत कविता का ओजपूर्ण ढंग से वाचन किया और प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया ।

उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए प्रतिभागी को हार्दिक बधाई!